A

SAMAGRA SHIKSHA, KERALA

1009

FIRST TERMINAL EVALUATION 2022-2023

Third Language

HINDI

STD. X

Time : 90 Minutes

Maximum Score : 40

सामान्य निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाईम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> "तुम्हारी आँख में आँसू क्यों आ रहे हैं बेला?" "मुझे क्या पता।" बेला ने डबडबाई आँखों से हँसते हुए कहा।
> साहिल की आँखें बीरबहूटी की तरह लाल होने लगी थीं और उनमें बारिश की बूँदों-सा पानी भर गया था।

1. प्रसंग के आधार पर सही वाक्य चुनकर लिखें। 1

   (क) साहिल का चेहरा बीरबहूटी की तरह लाल है।

   (ख) साहिल की आँखें बीरबहूटी की तरह लाल हैं।

   (ग) साहिल के कपड़े बीरबहूटी की तरह लाल हैं।

   (घ) साहिल की नाक बीरबहूटी की तरह लाल है।

2. बेला की आँखें क्यों डबडबा आईं? 2

3. स्कूल बदलने के कारण साहिल और बेला अलग होनेवाले थे। इससे साहिल बहुत दुखी था। इस प्रसंग पर साहिल की **डायरी** लिखें। 4

अथवा

कहानी के उपर्युक्त प्रसंग पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें।

सूचना : 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था।' टिप्पणी का यह अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> यह कविता 'जानना' शब्द के रूढ़िग्रस्त अर्थ को पूरी तरह से बदल देती है। इस कविता की पहली दो पंक्तियों में कवि अपनी पूरी बात कह देता है। शेष पंक्तियाँ उसी कहे गए को और सघन और गहरा करती हैं।

4. कविता में '**जानना**' शब्द के रूढ़िग्रस्त अर्थ से क्या तात्पर्य है? 2

5. वाक्य **पिरामिड** की पूर्ति करें। 2

(पहली, पूरी बात)



6. अगस्त 19 **विश्वमानवता दिवस** है। इस अवसर पर शांति समिति, दिल्ली के नेतृत्व में '**मानव बनें, मानवता को बनाए रखें**' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हो रहा है। इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें। 4

सूचना : 'टूटा पहिया' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> मैं
> रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
> लेकिन मुझे फेंको मत!
> क्या जाने; कब
> इस दुरूह चक्रव्यूह में
> अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती देता हुआ
> कोई दुस्साहसी अभिमन्यु आकर घिर जाए!

7. 'दुस्साहसी अभिमन्यु आकर घिर जाए!' -इसमें विशेषण शब्द कौन-सा है? 1

(क) अभिमन्यु (ख) दुस्साहसी

(ग) आकर (घ) घिर जाए

8. 'मुझे फेंको मत!' -ऐसा कौन कहता है? क्यों? 2

9. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का आशय लिखें। 4

सूचना : 'आई एम कलाम के बहाने' फिल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और 10 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मैं स्कूल जाने में रोया करता। रोज़ नए बहाने बनाया करता और जब तेज़ बारिश के दिनों में स्कूल के रास्ते में पानी भर जाने से छुट्टी हो जाया करती, तो मैं घर पर नाचा करता। लेकिन मैं समझ नहीं पाता था कि मोरपाल (और उसके जैसे मेरे कई और सहपाठी) बिना नागा रोज़ स्कूल क्यों चले आते थे?

10. यहाँ किस हालत में स्कूल की छुट्टी होती थी? 1

11. मिहिर घर पर नाचा करता था। क्यों? 2

12. आशय समझें, मिहिर और मोरपाल की विशेषताएँ चुनकर लिखें। 4

मिहिर	• साइकिल से रोज़ स्कूल आया करता था।
	• स्कूल जाने में रोया करता था।
मोरपाल	• बिना नागा रोज़ स्कूल आता था।
	• घर से राजमा-चावल लाता था।

अथवा

मिहिर और मोरपाल सच्चे मित्र थे। उनकी मित्रता पर एक **टिप्पणी** तैयार करें।

सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 13 से 15 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

उसे सरकारी अस्पताल में पट्टी बंधवाने के लिए ले जाया गया। उसने देखा कि दो लोगों को छोड़कर आगे बेला खड़ी है। सिर में पट्टी बंधवाने आई है। स्कूल आते-जाते हुए और कक्षा में कई दिनों तक दो ऐसे बच्चे दिखाई देते रहे जिसमें एक के सिर पर पट्टी बंधी होती और एक की पिंडली में।

13. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

(क) वह + के = उसको (ख) वे + के = उसको

(ग) वह + को = उसको (घ) वे + को = उसको

14. बेला के सिर पर पट्टी बंधी थी और साहिल की पिंडली में भी। क्यों? 2

15. बेला और साहिल अस्पताल में मिले। दोनों के बीच की **बातचीत** लिखें। 4

अथवा

'बीरबहूटी' कहानी के आधार पर **चार सही प्रस्ताव** चुनकर लिखें।

- बेला और साहिल बीरबहूटियाँ खोजते हैं।
- बेला और साहिल पाँचवीं कक्षा के बाद एक ही स्कूल में पढ़ते हैं।
- बेला और साहिल स्याही भरवाने के लिए दुकान जाते हैं।
- बेला और साहिल सुरेंदर जी से डरते हैं।
- बेला और साहिल सातवीं कक्षा में पढ़ते हैं।
- बेला और साहिल पट्टी बंधवाने अस्पताल जाते हैं।

सूचना : 'टूटा पहिया' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें।

बड़े-बड़े महारथी
अकेली निहत्थी आवाज़ को
अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहें
तब मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथों में ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ!

16. पहिए की क्या विशेषता है? 1

17. आशय समझकर **सही मिलान** करें। 3

बड़े-बड़े महारथियों का	महारथी कुचल देना चाहते हैं।
टूटा हुआ पहिया	पक्ष असत्य का है।
अकेली निहत्थी आवाज़ को	ब्रह्मास्त्रों से लोहा लेने को तैयार है।

■